आमोखस व मिडिया की खबरों व प्रथम समाचार पत्र

RNI No. UPHIN/2012/47484




# जननायक सम्राट

उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों अलीगढ़ हाथरस ऐटा कासगंज बदायूं बुलंदशहर मथुरा आदि से प्रसारित व अलीगढ़ से प्रकाशित



बर्ष :13 अंक :435 पृष्ठ -4 दिनांक 26 मार्च 2025 दिन बुधवार

## मेरठ जैसा एक और कांड! शादी से पहले लवर संग रेडी किया प्लान! मुंहदिखाई के पैसों से 15 दिन बाद कराया कत्ल

### 2 लाख रुपयों का इंतजाम प्रगित ने जेवरात बेच कर और मुंह दिखाई मिले पैसों से किया

उत्तर प्रदेश स्थित मेरठ में सौरभ राजपूत का मामला अभी ठंडा भी नहीं पड़ा था कि अब औरैया में एक पत्नी ने शादी के 15 दिन के भीतर पति को मौत के घाट उतार दिया. पत्नी ने अपने प्रेमी को 1 लाख रूपये दे कर अपने पति की हत्या करा दी. दावा है कि इसके लिए पत्नी ने जेवरात बेचे और मुंह दिखाई में मिले पैसों का इस्तेमाल कि. इस घटना का खुलासा एसपी अभिजात आर शंकर ने किया. जानकारी के अनुसार हत्या में शामिल आरोपी पत्नी सहित उस के प्रेमी व दो अन्य साथियो को गिरफ्तार कर लिया गया है.आरोपी महिला की पहचान प्रगति यादव के तौर पर हुई है. प्रगति की शादी 5 मार्च को दिलीप से हुई थी लेकिन वह अपनी इससे खुश नहीं थी क्योंकि वह अनुराग नाम के शख्स से प्यार करती थी. घर वालों के कहने और दबाव में प्रगति ने शादी तो कर ली लेकिन उसने शादी के साथ-साथ एक खौफनाक प्लान भी बना डाला. यह कहानी कुछ कुछ मेरठ वाली घटना से मिलती जुलती है जहां मुस्कान ने अपने प्रेमी साहिल के साथ अपने पति की निर्मम हत्या कर शव के टुकड़े कर एक ड्रम में डाल कर सीमेंट में जमा दिए थे.औरैया में भी घटना की वजह प्रेम प्रसंग ही बना जहां बेकसूर पति को अपनी जान बेवजह गवानी पड़ी इस पूरी घटना की एक एक



पहलू को एसपी औरैया आर शंकर ने बताया की कैसे आरोपियों ने इस प्लान को तैयार किया और कैसे पुलिस ने इस घटना का पर्दाफाश किया.पुलिस के अनुसार आरोपी अनुराग उर्फ मनोज यादव ने बताया कि वह और प्रगति यादव एक दूसरे को प्यार करते थे. प्रगति की शादी दिलीप से उसके घर वालों ने मर्जी के खिलाफ 5 मार्च 2025 को करा दी थी. प्रगति शादी से खुश नहीं थी. उन दोनों को मिलने में परेशानी होने लगी थी. प्रगति ने अनुराग उर्फ बबलू उर्फ मनोज यादव को फोन पर कहा कि तुम दिलीप को रास्ते से हटा दो. फिर अनुराग उर्फ बबलू उर्फ मनोज यादव और प्रगति ने योजना बनाई कि दिलीप को किसी से मरवा दिया जाये. इस पर अनुराग उर्फ बबलू उर्फ मनोज यादव ने रामजी नागर से बात की. दोनों ने 2 लाख रुपये देकर दिलीप को मारने का प्लान बनाया और 1 लाख रुपये नागर को दिए. इन 2 लाख रुपयों का इंतजाम प्रगित ने जेवरात बेच कर और मुंह दिखाई की रस्म में मिले पैसों से किया.इसके बाद तीनों लोग दिलीप को अपने साथ लेकर गए. फिर उसके साथ पहले खूब मारपीट की और लहूलुहान हालत में छोड़ कर भाग गए. एसपी शंकर ने बताया कि अभी इस घटना में कुछ और लोगों की गिरफ्तारी होनी है. दिलीप को गोली किसने मारी यह स्पष्ट नहीं है. आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल लिया है. पुलिस के मुताबिक आरोपियों की गिरफ्तारी उस वक्त हुई जब वो प्रगति से बचे हुए 1 लाख और रुपये लेने जा रहे थे. थाना सहार और स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम ने इन सभी आरोपियों को सोमवार, 24 मार्च को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 तमंचा व चार जिन्दा कारतूस, बाईक बरामद किया.

### इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी के अंतरंग वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले पर सुनवाई करते हुए आरोपी पति को लगाई कड़ी फटकार

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पत्नी के अंतरंग वीडियो बनाने और सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले पर सुनवाई करते हुए आरोपी पति को कड़ी फटकार लगाई है. कोर्ट ने कहा कि शादी के करने के बाद पति-पत्नी का मालिक नहीं बनता है पति को सरंक्षक बनना चाहिए. पत्नी के समर्पण और भरोसे का सम्मान करो. कोर्ट ने आरोपी की तमाम दलील खारिज करते हुए साफ कहा कि पत्नी का शरीर उसकी अपनी संपत्ति है. हर बात में पत्नी की सहमति होना जरूरी है. इस मामले पर हा. ईकोर्ट में जज विनोद दिवाकर की अदालत में सुनवाई हुई. इस दौरान कोर्ट ने आरोपी पति को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि शादी करके पति को पत्नी का संरक्षक बनना चाहिए उसका मालिक नहीं. अगर वैवाहिक पवित्रता को कायम नहीं रख सकते तो राहत के हकदार नहीं हो सकते. कोर्ट ने इस मामले में सुनवाई करते हुए जिला अदालत में लंबित आपराधिक कार्यवाही को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया. मामला मिर्जापुर के पंडरी थाना क्षेत्र से जुड़ा हुआ है, जहां धनही के रहने वाले शख्स की शादी चुनार के पास गांव की एक लड़की से हुई थी. 8 मई 2022 को पत्नी ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया कि वो दहेज उत्पीड़न को लेकर दर्ज मुकदमे की सुलह के लिए 13 सितंबर 2021 को पति के घर गई थी, जहां पति ने बदला लेने की नीयत से उसकी मर्जी के खिलाफ आपत्तिजनकर वीडियो बनाए और उसे रिश्तेदारों के मोबाइल व सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. पत्नी ने दर्ज अपनी शिकायत में कहा कि इस घटना से उसकी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को गहरा आघात लगा है. पुलिस ने इस मामले में आरोपी पति के खिलाफ ट्रायल कोर्ट में आईटी एक्ट की धाराओं में आरोप पत्र दाखिल कर दिया, जिसके बाद कोर्ट ने समन कर आरोपी पति को तलब किया. इसके खिलाफ पति ने हाईकोर्ट में अपील की और दलील दी की पीड़िता कानूनी तौर पर उसकी पत्नी है और उसकी अंतरंगता उसका अधिकार है. लेकिन कोर्ट ने उसकी दलील को खारिज कर दिया.

### उत्तर प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि के बाद अब मौसम बदलने लगा

उत्तर प्रदेश में बारिश और ओलावृष्टि के बाद अब मौसम बदलने लगा है. दिन के समय तेज धूप निकल रही है, जिससे गर्मी बढ़ रही हैं. आने वाले दिनों में तेज हवाएं चलनी शुरू हो जाएंगी. जिससे लू का एहसास होने लगेगा. वहीं तापमान में बढ़ोतरी होने का अनुमान जताया गया है. मौसम विभाग के मुताबिक दो दिन बाद प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में गर्म हवाओं का दौर शुरू होने जा रहा है. ऐसे में 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी. मौसम विभाग के मुताबिक यूपी में आज मंगलवार को मौसम शुष्क रहने की संभावना है. बुधवार को भी मौसम एकदम साफ और तेज धूप रह सकती है. आने वाले एक हफ्ते में किसी तरह की बारिश या बूंदाबांदी का अलर्ट नहीं है. हालांकि गुरुवार से मौसम बदलेगा और प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में तेज हवाएं लोगों को परेशान कर सकती है. 27 मार्च से मौसम विभाग की ओर से 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है. इस दौरान राजधानी लखनऊ समेत नोएडा, गाजियाबाद, प्रयागराज, अयोध्या, झांसी, गोरखपुर, कानपुर, आगरा समेत सभी जिलों में मौसम साफ रहेगा और सूरज की धूप से गर्मी का एहसास होगा. 30 मार्च तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया गया है. इस बीच कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है. अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है. इसके बाद कोई बदलाव नहीं होगी. वहीं न्यूनतम तापमान में भी 3-4 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हो सकती है. यूपी के कई हिस्सों में गर्मी का असर अभी से दिखने लगा है. प्रदेश में अधिकतम तापमान 30 से 36 डिग्री सेल्सियस के बीच पहुंच गया है. पिछले 24 घंटों में प्रयागराज और अयोध्या में सबसे सर्वाधिक गर्म जिले रहे. यहां अधिकतम तापमान 36.0 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच गया, जबकि सर्वाधिक न्यूनयत तापमान कानपुर, अयोध्या और शाहजहांपुर में 13.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. राजधानी लखनऊ में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री और अधिकतम तापमान 33.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया.

## उत्तर प्रदेश को अब टेक्सटाइल हब बनाने की तैयारी

उत्तर प्रदेश को अब टेक्सटाइल हब बनाने की तैयारी की जा रही है. प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने अब इसके लिए बड़े स्तर पर रणनीति तैयारी की है. जानकारी के मुताबिक कानपुर जिले के पास देश का पहले टेक्सटाइल पार्क बनाया जाएगा. ये पार्क 875 एकड़ जमीन पर बनेगा. जिसमें टेक्सटाइल से जुड़ी मशीनों का निर्माण किया जाएगा. लखनऊ के पास पीएम मित्र पार्क समेत प्रदेश के दस जिलों में ऐसे नए टेक्सटाइल पार्क बनाए जाएंगे. जिससे यूपी में कपड़ा उद्योग को एक नई ऊंचाई मिलेगी और ये राज्य देश में कपड़ा उत्पादन में अग्रणी देश बनेगा. टेक्सटाइल पार्क में मशीनों के आयात के लिए 40 हजार करोड़ रुपये का बजट रखा गया है. जिससे मशीनें आएंगी. आने वाले चार-पांच सालों में ये बढ़कर चार लाख करोड़ रुपये हो जाएगा. इन मशीनों को मेक इन इंडिया बनाने के लिए पीपीपी मोड़ पर भोगनीपुर के पास टे. क्सटाइल मशीन पार्क बसाया जाएगा. जहां से 30 हजार करोड़ रुपये का निर्यात भी किया जाएगा. एक अनुमान के मुताबिक साल 2030 तक कपड़ा बाजार 350 अरब



डॉलर का होने का अनुमान है. इसके लिए चार लाख करोड़ रुपये की मशीनों की जरूरत होगी. अगले पांच सालों में इसमें दस गुना को बढ़ोतरी हो सकती है. इन मशीनों की मेंटेनेंस के लिए तकनीकी एक्सपर्ट की भी जरूरत होगी. इस पार्क में टेक्सटाइल से जुड़ी मशीनों का निर्माण होगा. जिन्हें अभी तक चीन, वियतनाम, दक्षिण कोरिया, ताइवान और यूरोप से आयात किया जाता है. इन देशों से टे. क्सटाइल्स सेक्टर के लिए सर्कुलर नीटिंग मशीन, फ्लैट नीटिंग मशीन, डाइविंग नीटिंग मशीन, प्रिंटिंग मशीन, सिविंग मशीन, पेशेंट गाउन मशीन और टेक्निकल टे. क्सटाइल्स मशीनें आती है जो टेक्सटाइल सेक्टर के लिए बेहद जरूरी होती हैं. लेकिन अब इनका निर्माण कानपुर में ही किया जाएगा. कानपुर में जो टेक्सटाइल पार्क बनाने की तैयारी की गई है वो यहां भोगनीपुर के पास चपरघटा गांव में लगाया जाएगा. इस पार्क में 200 से ज्यादा बड़ी और मध्यम इकाइयां लगाई जाएंगी. इसे लेकर कई बड़ी कंपनियों से बात भी की गई है.

## लखनऊ नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में पार्षदों की विकास निधि बढ़ाई

लखनऊ नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक में पार्षदों की विकास निधि बढ़ा दी गई है. पहले पार्षदों को डेढ़ करोड़ रुपए विकास निधि मिलती थी. अब उसे बढ़ाकर 2 करोड़ 10 लाख रुपए कर दिया गया है. वहीं इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 4236.63 करोड़ की मंजूरी दी गई है, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले 196.99 करोड़ रुपए अधिक है.लखनऊ नगर निगम की कार्यकारी की बैठक सोमवार को नगर निगम मुख्यालय पर लखनऊ की मेयर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में हुई. इस कार्यकारिणी की बैठक में 12 सदस्य शामिल हुए जिसमें पार्षद निधि बढ़ाने पर सहमति बन गई है और महापौर और नगर आयुक्त की निधि में कटौती पर भी सहमति बन गई है. बता दें कि पहले महापौर की निधि 30 करोड़ रुपए थी जिसे घटाकर अब 20 करोड़ रुपए कर दिया गया वहीं नगर आयुक्त की निधि 25 करोड़ रुपए थी जिसे अब घटाकर 15 करोड़ रुपए कर दिया गया है. इस बार का नगर निगम का प्रस्तावित बजट 4236 करोड़ 63 लाख रुपए है, जिसमें 558 करोड़ 40 लाख रुपए सफाई पर खर्च होंगे, 330 करोड़ रुपए कचरा प्रबंधन पर खर्च होंगे. 25 करोड़ 80 लाख रुपए आकस्मिक व्यय के तौर पर रखे गए हैं. वहीं 20 करोड़ रुपए पेट्रोल और डीजल पर खर्च होंगे, 15 करोड़ रुपए नाला सफाई पर खर्च किया जाएगा.पार्षद अपने निधि से जिन मदों पर पैसे खर्च कर सकते हैं उसमें डेढ़ करोड़ रुपए मार्गों , नालियों की मरम्मत, नगर निगम के विद्यालयों के निर्माण और मरम्मत पर कर सकते हैं. 10 लाख रुपए पार्षद पैचवर्क, 10 लाख रुपए क्रॉसिंग, पुलिया निर्माण की मरम्मत पर, 10 लाख रुपए पार्कों की मरम्मत, रंगाई पुताई ,रू500000 ठेला की खरीद, रू 500000 से छिड़काव और फा. गिंग , 10 लाख इलेक्ट्रिक रेफ्रिजरेटर की खरीद और 10 लाख रुपए मार्ग प्रकाश पर खर्च कर सकते हैं.

## यूपी में एक्सप्रेस पर सफर करना महंगा


यूपी में एक्सप्रेस पर सफर करना महंगा होने जा रहा है. इसके लिए अब आपको अपनी जेब को और ढीला करना पड़ेगा. 31 मार्च की आधी रात 12 बजे से इन एक्सप्रेस वे पर टोल टैक्स की दरें बढ़ जाएंगी. इनमें दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे, ईस्टर्न पेरिफेरल और एनएच-9 पर टोल टैक्स में बढ़ोतरी होने जा रही है. जिसके बाद यहां से गुजरने वाली कार, जीप के टोल टैक्स में पांच रुपये और बस-ट्रक के टोल में 20 रुपये टैक्स की बढ़ोतरी की गई है. नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की ओर से टोल टैक्स में बढ़ोतरी की अधिसूचना को जारी कर दिया गया है. नई दरें 31 मार्च रात 12 से लागू हो जाएंगी. इस अधिसूचना के मुताबिक मालवाहक सात एक्सल से ज्यादा वाले वाहन की टोल टैक्स दरों में सबसे ज्यादा की बढ़ोतरी की गई है. इसके साथ ही कार जीप व अन्य श्रेणी के वाहनों को भी तय तारीख से बढ़ी हुई कीमतें चुकानी हा. ंगी. नेशनल हाईवे-9 की बात करें तो छि. जारसी टोल प्लाजा पर कार-जीप व चार पहिया वाहनों के टोल टैक्स में पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है. मेरठ एक्सप्रेसवे पर सराय काले खां तक कार और जीप



का एक तरफ से यात्रा करने पर अभी तक 165 रुपये का टोल टैक्स लगता था जो अब बढ़कर 170 रुपये कर दिया गया है. इसी तरह मेरठ से गाजियाबाद तक का टोल टैक्स बढ़ाकर 75 रुपये हो जाएगा. अभी तक इतनी दूरी तक सफर करने के लिए चार पहिया वाहनों को 70 रुपये का टोल टैक्स देना होता था. इसी तरह अन्य वाहनों पर टोल टैक्स की दरों में बढ़ोतरी की गई है. व्यवसायिक चार पहिया वाहन को अब तक 265 रुपये देने होते थे जो बढ़कर 275 हो जाएंगे. 6 टायर वाले वाहन बस व ट्रक का टोल टैक्स 560 से बढ़कर 580 रुपये हो जाएगा. 10 टायर वाले वाहनों का टोल टैक्स 610 से 630 रुपये हो जाएगा. 12 टायर वाले वाहनों को 875 से अब 905 रुपये टोल टैक्स देना होगी. जबकि ट्रोला को 1065 रुपये से 1105 रुपये टोल देना पड़ेगा.

## उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से कांग्रेस के लोकसभा सांसद इमरान मसूद ने नवरात्र में मांस की दुकानें बंद किए जाने को लेकर बड़ा बयान

उत्तर प्रदेश के सहारनपुर से कांग्रेस के लोकसभा सांसद इमरान मसूद ने नवरात्र में मांस की दुकानें बंद किए जाने को लेकर बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि नवरात्रों में मीट की दुकानें स्वभाविक रूप से ही बंद हो जाती हैं क्योंकि उन दिनों में मांग कम हो जाती है. इसलिए नवरात्र में मीट की दुकानें बंद करने की मांग करने के जरूरत नहीं है. इमरान मसूद ने नवरात्र में मीट की दुकानों के बंद किए जाने की मांग का समर्थन करते हुए कहा का नवरात्रों में को मांस की मांग वैसे ही कम हो जाती है कि मंडी ही बंद हो जाती हैं. नवरात्रों में तो मंडी में ही सामान नहीं बिकता है, तो वो खुद ही बंद हो जाएंगी. उसमें इन्हें दुकान बंद करने की क्या जरूरत आ रही है. उन्होंने पत्रकारों से बात करते हुए सभी के धर्मों का सम्मान करने की अपील की और कहा कि हमें इसका सम्मान करना चाहिए, अगर हम दस दिन मांस मीट नहीं खाएंगे तो क्या घिस जाएंगे. अगर किसी को इससे खुशी मिलती है तो दस दिन मीट मत खाइए, इससे क्या हो जाएगा. कांग्रेस सांसद इन दिनों अपने बयानों को लेकर काफी सुर्खियों में बने हुए हैं. पिछले दिनों उन्होंने लोकसभा में सहारनपुर और देवबंद रेलवे स्टेशनों का नाम बदलने की मांग की थी. उन्होंने सहारनपुर रेलवे स्टेशन का नाम मां शाकुंभरी देवी के नाम पर करने की मांग की और देवबंद का नाम मौलाना हुसैन अहमद मदनी के नाम करने को



कहा. उन्होंने कहा कि मदनी का राष्ट्रीय हित में अतुलनीय योगदान रहा है. वहीं इमरान मसूद ने अपने क्षेत्र में होली का त्योहार भी जमकर मनाया, जिसे लेकर वो मौलानाओं के निशाने पर भी आ गए लेकिन उन्होंने कहा कि इस देश में होली के रंगों के अंदर नफरत ढूंढने की कोशिश की जा रही है लेकिन हमारे देश में हर त्योहार को लोग धूमधाम से मनाते हैं. मैं इस मोहब्बत के पैगाम को देने के लिए इस त्योहार को मनाने के लिए आया हूं.

# हाथरस जंक्शन कोतवाली क्षेत्र में मथुरा-बरेली नेशनल हाईवे के पास एक राजमिस्त्री का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला

हाथरसजंक्शन कोतवाली क्षेत्र में मथुरा–बरेली नेशनल हाईवे के पास एक राजमिस्त्री का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है। मृतक की पहचान शेखुपुर अजीत गांव के रहने वाले 55 वर्षीय कंचन सिंह के रूप में हुई है। घटना से एक दिन पहले कंचन सिंह के परिवार का कुछ लोगों से विवाद हुआ था।इस मामले में पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने कंचन सिंह को थाना हाथरस जंक्शन बुलाया था। इसी दौरान वाहनपुर गांव के पास उनका शव मिला। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि मौत दुर्घटना में हुई है या हत्या




की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## हाथरस के सादाबाद तहसील स्थित जलेसर रोड मानिकपुर रेलवे स्टेशन की स्थिति हुई चिंताजनक

हाथरस के सादाबाद तहसील स्थित जलेसर रोड मानिकपुर रेलवे स्टेशन की स्थिति चिंताजनक है। ब्रिटिश काल का यह स्टेशन लगभग 175 गांवों को जोड़ता है। यहां यात्रियों को सामान्य टिकट के अलावा कोई मूलभूत सुविधा नहीं मिल रही है।कोविड महामारी के बाद से एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव पूरी तरह बंद है। स्टेशन पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। प्लेटफॉर्म नंबर दो पर यात्रियों के लिए मात्र एक टूटा टिनशेड है। प्लेटफॉर्म नंबर एक पर टिकट काउंटर के सामने का क्षेत्र खाली पड़ा है। यात्रियों के लिए गर्मी और बारिश से बचने का कोई स्थान नहीं है।रि. जर्वेशन सुविधा के अभाव में यात्रियों को टिकट बुक करने के लिए हाथरस (25 किमी),टूंडला (20 किमी) या अलीगढ़ (60 किमी) जाना पड़ता है। वहां से टिकट बुक कराकर पुनःजलेसर स्टेशन लौटना पड़ता है।स्थानीय नागरिकोंऔरसंगठनों ने एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव के लिए कई बार रेल अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे और प्रदर्शन किए। लेकिन केवल आश्वासन ही मिले। करीब 15 वर्ष पहले दोनों प्लेटफॉर्म को जोड़ने वाला फुट ओवरब्रिज टूट गया, जिसकाअबतकपुनर्निर्माण नहीं हुआ।जलेसर रोड रेलवे स्टेशन अधीक्षक ऋषि मीणा के अनुसार, दोनों प्लेटफॉर्म के लिए ओवरब्रिज का ठेका दे दिया गया है। जनता द्वारा दिए गए सभी ज्ञापन विभाग को भेज दिए गए हैं। एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव और रि. जर्वेशन काउंटर खोलने का निर्णय उच्च अधिकारियों पर निर्भर करता है।

## सादाबाद कस्बे में दो सगे भाइयों के बीच प्रॉपर्टी विवाद का मामला सामने आया

सादाबाद कस्बे में दो सगे भाइयों के बीच प्रॉपर्टी विवाद का मामला सामने आया है। डालचंद के दो पुत्र राजेश और प्रदीप के बीच पांच दुकानों को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों भाइयों ने इस मामले को लेकर न्यायालय में वाद दायर किया था।न्यायालय ने सादाबाद पुलिस को निर्देश दिए कि जब तक विवाद का निपटारा नहीं हो जाता, तब तक दोनों में से कोई भी दुकानों पर कब्जा न करे। आदेश के बाद कस्बा इंचार्ज एसआई रमेश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने सभी पांच दुकानों को सील कर दिया।सीओ सादाबाद हिमांशु माथुर ने बताया कि न्यायालय के आदेश का तुरंत पालन किया गया। दोनों भाइयों को चेतावनी दी गई है कि अगर किसी ने सील तोड़कर दुकान पर कब्जा करने की कोशिश की, तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। न्यायालय का निर्णय आने तक दुकानें सील रहेंगी।

## हाथरस में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विवेक उपाध्याय और शहर अध्यक्ष योगेश कुमार का भव्य स्वागत किया गया

हाथरस में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष विवेक उपाध्याय और शहर अध्यक्ष योगेश कुमार का भव्य स्वागत किया गया। एआरटीओ सत्संगी मार्ग स्थित कुसुम वाटिका में आयोजित कार्यक्रम में दोनों अध्यक्षों का फूलमालाओं और पट्टिकाओं से स्वागत हुआ।जिलाध्यक्ष विवेक उपाध्याय ने कहा कि वे पार्टी की जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने वरिष्ठ कांग्रेसियों से आशीर्वाद लेने और मतभेद दूर करने का संकल्प लिया। शहर अध्यक्ष योगेश कुमार ने कहा कि कांग्रेस सभी धर्म और जाति के लोगों को साथ लेकर चलती है।संघर्ष का किया ऐलान योगेश कुमार ने महंगाई, बेरोजगारी, महिला उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष का ऐलान किया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, जल और सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए भी आंदोलन की घोषणा की। उनका स्पष्ट संदेश था – या तो जनता का काम करें, या फिर कार्यालय बंद करें।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद... कार्यक्रम में अशोक कुमार गुप्ता, करुणेश मोहन दीक्षित, शरद उपाध्य नंदा, अवधेश बख्शी, गोविंद चतुर्वेदी समेत काफी वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मौजूद थे। डॉ. मुकेश चंद्रा ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## हाथरस पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में फर्जी दस्तावेजों से वाहन फाइनेंस कराने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का किया भंडाफोड़



हाथरस पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई में फर्जी दस्तावेजों से वाहन फाइनेंस कराने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। एसपी चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में हाथरस गेट पुलिस ने गैंग के सरगना कृष्णा वर्मा को लहरा चौराहे से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी से 9 दोपहिया वाहन और एक कार बरामद की है। इनमें एक बुलेट, एक रिजटा इलेक्ट्रिक और 7 एक्टिवा स्कूटी शामिल हैं।पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि पूछताछ में कृष्णा वर्मा ने खुलासा किया कि वह दिल्ली के अनुज शर्मा, रोहित उर्फ रा. जाबाबू और मथुरा के नितिन अग्रवाल के साथ मिलकर यह धंधा करता था। गिरोह फर्जी आधार कार्ड और कूटरचित दस्तावेज तैयार कर दिल्ली, हरियाणा और अन्य राज्यों से वाहन फाइनेंस कराता था।ग्राहक मिलने पर करते थे बिक्री गिरोह का तरीका था कि फाइनेंस कराने के बाद किस्त नहीं चुकाते थे। जब रिकवरी एजेंट दिए गए पते पर पहुंचते, तो वहां कोई नहीं मिलता था। इन वाहनों को हाथरस और आसपास के क्षेत्रों में सस्ते दामों में बेच देते थे।आरा. पी ने बताया कि वे कुछ वाहन चोरी करके भी लाते थे। इन्हें दयानतपुर नहर के पास झाड़ियों में छिपाकर रखते और ग्राहक मिलने पर आधी कीमत में बेच देते थे।अन्य सदस्यों की हो रही तलाश खरीदारों को हिदायत देते थे कि वाहनों को बिना नंबर प्लेट के चलाएं और सर्विस सेंटर न ले जाएं, जिससे इनकी पहचान न हो सके। पुलिस टीम ने यह गिरफ्तारी हाथरस गेट के कोतवाली निरीक्षक विजय सिंह की अगुवाई में की। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है

## हाथरस के सादाबाद में चंद्रा फार्म हाउस के पास एक पेड़ पर 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव लटका मिला

हाथरस के सादाबाद में चंद्रा फार्म हाउस के पास एक पेड़ पर 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस ने शव को पेड़ से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार, नियमों के तहत अज्ञात शव को 72 घंटे तक हाथरस चीरघर में सुरक्षित रखा जाएगा। पहचान होने के बाद मृतक का अंतिम संस्कार उसके धर्म के अनुसार किया जाएगा।सीओ हिमांशु मथुरा ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लगता है। हालांकि मौत के सही कारण का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल पाएगा।स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं हैं। लोग जानना चाहते हैं कि बुजुर्ग यहां कैसे पहुंचा और उसने यह कदम क्यों उठाया। क्या वह परिवार से परेशान था? इन सभी सवालों की जांच पुलिस कर रही है।

## पुलिसकर्मियों से आशीर्वाद लेकर दबंगों की करतूत

उत्तर प्रदेश के हाथरस से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां पर कुछ दबंगों ने एक ऐसी घटना को अंजाम दिया, जिसका वीडियो देख यूजर्स सन्न हैं। दरअसल, गली में कुछ युवकों ने एक बाइक सवार को बुरी तरह से पीट दिया। लेकिन इससे पहले गश्त कर रहे पुलिस वाले का पैर छुते हुए आशीर्वाद भी लिया। ये घटना ब्ब्ट कैमरे में कैद हो गयी। पुलिस वाले के पैर छून के बाद जिस बे. फिक्री से इन्होंने घटना को अंजाम दिया। उस पर जिले की पुलिस को एक्शन लेना पड़ गया। "पुलिसकर्मियों से आशीर्वाद लेकर दबंगों की करतूत। दबंग युवकों ने बाइक सवार युवक पर किया हमला। हमले से पहले पुलिसकर्मियों के पैर छूकर लिया आशीर्वाद। पुलिसकर्मियों के जाने के बाद युवक पर किया हमला।जानलेवा हमले की पूरी घटना ब्ब्ट कैमरे में हुई कैद। थाना कोतवाली सिकंदराराऊ क्षेत्र क्रीड़ा स्थल की घटना।"इस घटना के वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि, गली में कुछ युवक खड़े हैं। तभी सामने से गश्त लगाती पु. लिसवालों की बाइक आती है। इन युवकों में से एक लड़का पुलिसवाले के पैर छूते हुए आशीर्वाद लेता है और हालचाल पूछता है। इसके बाद पुलिसवाले वहां से चले जाते हैं। पुलिसवालों के जाने के थोड़ी देर बाद जैसे ही बाइक सवार एंट्री करता है, उस पर दरिंदे टूट पड़ते हैं। वह नाली में गिराकर उसे जमकर पीटते हैं और फिर भाग जाते हैं।सरेआम मारपीट करने वाले इन युवकों के ब्ब्ट फुटेज पर हाथरस पुलिस ने एक्शन ले लिया है।इसके साथ ही एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा है, "संदर्भित प्रकरण में वादी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना सिकंद्राराऊ पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।" इस हाथरस वायरल वीडियो को 23 मार्च को अपलोड किया गया था। इस पर 43000 से ज्यादा व्यूज आ चुके हैं।" फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## हाथरस में 16 साल पुराने हत्याकांड में न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया

हाथरस में 16 साल पुराने हत्याकांड में न्यायालय ने अहम फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट संख्या तीन हर्ष अग्रवाल की अदालत ने एकमात्र जीवित दोषी देवीराम को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।मामला 9 जुलाई 2007 का है। राजू जब अपने गांव से सादाबाद आ रहा था, तब सादाबाद में राया रोड पर चार लोगों ने उसे रोक लिया। इन लोगों में ज्वाला, देवीराम, पुरुषोत्तम और राजू पुत्रगण उमराव सिंह शामिल थे। उन्होंने राजू के साथ गाली–गलौज और मारपीट की।राजू ने इसकी सूचना सादाबाद बस स्टैंड के पास स्थित एक होटल पर अपने भाई को दी। इसके बाद राजू अपने दो भाइयों के साथ गांव मडनई पहुंचा। वहां आरोपियों ने राजू और उसके भाई सतीश पर गोलियां चलाईं। इस हमले में राजू की मौत हो गई और सतीश गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मृतक का पोस्टमार्टम कराया और चारों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान तीन आरोपी – ज्वाला, पुरुषोत्तम और राजू की मौत हो गई। एकमात्र जीवित आरोपी देवीराम को न्यायालय ने दोषी पाया। अदालत ने उस पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना न चुकाने की स्थिति में उसे अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी प्रतिभा राजपूत ने पैरवी की।

## सासनी ब्लॉक परिसर में एक विशेष मेले का आयोजन किया गया

सासनी ब्लॉक परिसर में एक विशेष मेले का आयोजन किया गया। यह मेला केंद्र सरकार के 10 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व विधायक हरिशंकर माहौर उपस्थित रहे। ब्लॉक प्रमुख प्रतिभा कमल माहौर, बीडीओ सुरेंद्र सिंह और एडीओ पंचायत बिहारी लाल ने सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। जिला उपाध्यक्ष अविनाश तिवारी ने भी कार्यक्रम में योगदान दिया।मेले में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी रही। पशुधन प्रसार अधिकारी लीवेश गर्गाचार्य ने पशुपालन संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुशील प्रभाकर ने सरकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला।कार्यक्रम की विशेष पहल के रूप में, पूर्व विधायक हरिशंकर माहौर ने बाल विकास पुष्टाहार योजना के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की। मेले में एबीएसए अखिलेश प्रताप सिंह, भू प्रकाश शर्मा, सत्येंद्र सिंह विक्की सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## क्षत्रिय समाज के लोगों ने सपा सांसद का पुतला जलाया

राज्यसभा में सपा सांसद रामजीलाल सुमन द्वारा राणा सांगा पर की गई विवादित टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन जारी है। हा. थरस के सिकंद्राराऊ कस्बे में क्षत्रिय समाज के लोगों ने जुलूस निकाला। इसमें अन्य काफी लोग भी शामिल थे। प्रदर्शन कारियों ने सांसद का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की।वक्ताओं का कहना है कि सांसद की टिप्पणी से क्षत्रिय समाज और सनातन धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंची है। समाज में इस बयान को लेकर भारी रोष है। प्रदर्शनकारियों ने सांसद के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। सुमन की संसद सदस्यता भी समाप्त करने की मांग की गई।यह रहे मुख्य रूप से मौजूद..विरोध प्रदर्शन में हसायन ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्रपाल सिंह, अशोक जादौन, नरेंद्र सिंह जादौन, भानु प्रताप सिंह, पंकज गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

## हाथरस के एमजी पॉलिटेक्निक में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हाथरस के एमजी पॉलिटेक्निक में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्र सरकार की 10 वर्ष और यूपी सरकार की 8 वर्ष की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया है। उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। जिलाधिकारी राहुल पांडेय और पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा ने उनका स्वागत किया।कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को सहायता प्रदान की गई। कृषि यंत्र, आवास की चाबियां और विभिन्न उपकरण वितरित किए गए। ग्राम्य विकास और पंचायतीराज विभाग के उत्कृष्ट कर्मचारियों और ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। पॉलिटे. क्निक परिसर में 20 से अधिक सरकारी विभागों ने अपनी प्रदर्शनियां लगाईं।इनमें पर्यटन, स्वास्थ्य, पुलिस, कृषि, वन, उद्योग, समाज कल्याण समेत कई विभाग शामिल थे। स्वयं सहायता समूहों और पॉलिटेक्निक के छात्र–छात्राओं ने भी प्रदर्शनी में भाग लिया। श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि केंद्र सरकार ने पिछले 10 वर्षों में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। साथ ही, प्रदेश सरकार ने भी अपनी सेवा, सुरक्षा और सुशासन नीति के तहत विकास को नई दिशा दी है।कार्यक्रम में छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर सदर विधायक अंजुला सिंह माहौर, भाजपा जिला अध्यक्ष शरद माहेश्वरी आदि ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।सीडीओ सुरेशचंद्र केसरवानी ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन चतुर सिंह और मोनिका गौतम ने किया। कार्यक्रम में अन्य विभागों के अधिकारी व जन्म प्रतिनिधि शामिल थे।

# जनपद प्रभारी मंत्री ने प्रदेश सरकार के 08 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर प्रेस प्रतिनिधियों से की वार्ता

अलीगढ़ : प्रदेश के मा0 गन्ना विकास एवं चीनी मिलें और जनपद प्रभारी मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार के 08 वर्ष का सफल कार्यकाल पूर्ण करने पर प्रेस प्रतिनिधियों से वार्ता कर सरकार के कार्यकाल (अप्रैल 2017 से मार्च 2024 तक) का पूर्ववर्ती सरकार से तुलनात्मक विवरण प्रस्तुत किया गया। इस दौरान उन्होंने जिले में हुए प्रमुख उल्लेखनीय उपलब्धियों, महत्वपूर्ण निर्माण कार्यो, विशिष्ठ कीर्तिमान, अभिनव प्रयासों का भी विस्तृत रूप से ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।मा0 मंत्री जी ने बताया कि किसानों के हितार्थ प्रधानमंत्री जी की दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजना का खाका तैयार किया गया जिसके माध्यम से जिले के 410249 किसानों को 1040.8732 करोड़ की धनराशि का लाभ दिया जा चुका है, वहीं ऋण मोचन योजना में 111572 किसानों का 790 करोड़ रूपये का ऋण माफ किया गया। उन्होंने बताया कि 2012–17 के मध्य जहां 69979.197 मीट्रिक टन गेंहू एवं 2283.83 मीट्रिक टन धान की खरीद की गई वहीं 2017 से 24 तक 506386.384 मीट्रिक टन गेंहू एवं 51342.71 मीट्रिक टन धान के साथ ही 37050.18 मीट्रिक टन श्रीअन्न भी खरीदा गया। उन्होंने बताया कि 2012–17 के मध्य जहां जिले में केवल 983 पीएम आवास ग्रामीण क्षेत्र में बनाए गए वहीं योगी जी के नेतृत्व में जिले में 19412 पीएम आवास (शहरी), 4403 पीएम आवास (ग्रामीण) एवं 198 मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) बनाए गए हैं। 2012 से 17 तक 117712 व्यक्तिगत शौचालय एवं 20 सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया वहीं 2017 से 24 तक 240139 व्यक्तिगत शौचालय एवं 852 सामुदायिक शौचालय बनाए गए। उन्होंने बताया कि निराश्रित, वृद्धा एवं दिव्यांग पेंशन में उल्लेखनीय प्रगति करते हुए क्रमशः 20331, 41461, 14235 क्रमशः 59649, 61192 एवं 18310 को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 4266, कन्या सुमंगला में 27152 एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में 127632 माताओं को लाभान्वित किया गया है। उन्होंने बताया कि तुलनात्मक अवधि में जहां 735411 जनधन खाते के सापेक्ष 750575 खाते खोले गए वहीं 9797 के सापेक्ष 188725 को अटल पेंशन योजना में पंजीकृत किया गया और 1012600 के गोल्डन हैल्थ कार्ड बनाए गए। पूर्ववर्ती सरकार में 629235 राशन कार्ड धारकों को 798967.996 मीट्रिक टन खाद्यान्न वितरित किया गया वहीं योगी जी के कार्यकाल में 642664 लाभार्थियों को 1118555.144 मीट्रिक टन खाद्यान्न वितरित किया गया है।मा0 मंत्री जी ने बताया कि रेहड़ी पटरी वालों के लिए वरदान साबित हुए पीएम स्वनिधि योजना में स्वरोजगार बढ़ाने के लिए 36471 को प्रथम, 17780 द्वितीय एवं 2382 को तृतीय किस्त दी गई है। वहीं 233000 के सापेक्ष 289000 को उज्ज्वला योजना का लाभ दिया गया है। अमृत योजना में 56465 पेयजल गृह संयोजन के साथ ही 01–01 एसटीपी एवं एफएसटीपी का निर्माण कराया गया है। उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए 29495 टैबलेट एवं 50376 स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2018–19 से प्रारम्भ हुई विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना में मार्च 2024 तक 5753 प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान कराया गया। 162 गौआश्रय स्थलों के साथ ही 05 वृहद गौसंरक्षण केंद्र संचालित और 05 निर्माणाधीन हैं। स्मार्ट सिटी के तहत 980 करोड की 37 स्वीकृत परियोजनाओं के सापेक्ष 26 परियोजनाएं पूर्ण कर ली गई हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए 25 इलैक्ट्रिक बस का भी संचालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि औद्योगिक निवेश में जिले ने अभूतपूर्व प्रगति की है जहां 2017 तक 1225.72 करोड़ का निवेश कर 29244 रोजगार सृजन हुए वहीं 2017 से 24 तक 5149.89 करोड़ का निवेश प्राप्त कर 236976 को रोजगार दिया गया। उन्होंने बताया कि जिले में जहां 2017 तक 13 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र , 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 18 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संचालित थे वहीं अब 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, 37 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 20 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के साथ ही 50 शहरी आयुष्मान आरोग्य मन्दिर संचालित हैं। उन्होंने बताया कि जिले में 2017 से 24 तक 06 नए डिग्री कॉलेज, 05 इंटर कॉलेज एवं 04 मण्डी का निर्माण कराया गया जबकि 1130.67 लाख से राजकीय आईटीआई खैर निर्माणाधीन है। 2012–17 तक जहां जिले में 01 राजकीय पोलीटेक्निक एवं 03 निजी पोलीटेक्निक का निर्माण कराया गया वहीं 2017–24 तक 01 राजकीय पोलीटेक्निक, 05 निजी पोलीटेक्निक एवं 46 निजी फार्मेसी संस्थान संचालित कराए गए। सुगम यातायात के लिए क्वार्सी चौराहे 71.18 करोड़ की लागत से फ्लाई ओवर 01 निर्माणाधीन है। विद्युत सुधार के लिए 6142.48 करोड़ से हरदुआगंज 660 मैगावाट तापीय परियोजना का निर्माण कराया गया, वहीं तुलनात्मक अवधि में 69 किलोमीटर 132 केवी, 68 किलोमीटर 220 केवी एवं 421 किलोमीटर 400 केवी ट्रांसमिशन लाइन के सापेक्ष 78 किलोमीटर 132 केवी, 175 किलोमीटर 220 केवी एवं 189 किलोमीटर 400 केवी कार्य कराया गया। उन्होंने बताया कि 47 के सापेक्ष 378 पंचायत घर एवं 78 के सापेक्ष 244 आँगनवाडी भवन निर्माण कराया गया। जिले में 09 पर्यटन क्षेत्रों का विकास कराया गया। 09 के सापेक्ष 15 टाउन एरिया विकसित किए गए और नगर पंचायत इगलास का विस्तार किया गया। ओडीओपी योजना में 5153.53 करोड़ के उत्पादों का निर्यात किया गया।मा0 मंत्री जी ने बताया कि इसके साथ ही जिले में राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय (रू0 106.59 करोड़), नो फ्रिल्स एयर पोर्ट (रू0 25.81 करोड़), स्मार्ट सिटी योजनान्तर्गत कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर (रू0 79.19 करोड़), अचलताल का सौन्द्रयीकरण (रू0 28.35 करोड़), ग्राम टमकौली तहसील गभाना में अटल आवासीय विद्यालय (रू0 72.40 करोड़), महेन्द्र नगर आगरा रोड रूसा हॉस्पीटल मैरिस रोड सुरेन्द्र नगर व छर्रा अड्डा इत्यादि क्षेत्रों में जल निकासी सम्बन्धी कार्य (रू0 62.962 करोड़), आश्रम पद्धति विद्यालय अलहदादपुर (रू0 24.76 करोड़), पुलिस लाइन में 04 ब्लॉक ट्रजिट हॉस्टल (रू0 59.58 करोड़), हसनपुर–पलवल के मध्य यमुना नदी पर सेतु, पहुँच मार्ग अतिरिक्त पहुँच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य (रू0 110.22 करोड़) कराए गए हैं।



## कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर में यूपी भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर आयोजित हो रहे हैं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रही मोदी–योगी के नाम की धूम



अलीगढ़ आज योगी जी के कुशल नेतृत्व में बनी प्रदेश सरकार का 08 वां बर्थडे है। जितनी प्रसन्नता किसी बच्चे का जन्मदिन मनाने पर उसके मातापिता एवं उसके परिवार वालों को होती है वैसी ही प्रसन्नता आज प्रदेश के हर नागरिक को है। उत्तर प्रदेश की जनता के लिए 25 मार्च एक स्वर्णिम दिन है।उक्त उद्गार प्रदेश के मा0 गन्ना विकास एवं चीनी मिलें और जनपद प्रभारी मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी द्वारा कल्याण सिंह हैबिटेट सेंटर में व्यक्त किए गए। वह केंद्र सरकार के 10 वर्ष एवं प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन के 08 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर श्यूपी भारत का ग्रोथ इंजनश थीम पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। मा0 मंत्री जी ने कहा कि इस वर्ष के प्रारम्भ में पूरे यूरोप की जनसंख्या से अधिक 66 करोड़ 30 लाख लोगों ने प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धा और आस्था की डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के इतिहास में मा0 योगी जी जैसा न कोई संत मुख्यमंत्री हुआ और न शायद आगे होगा, जो प्रदेश को आस्था से आर्थिकी की ओर लेकर गया। योगी जी ने सनातन धर्म और कुशल राजनीति का ऐसा समागम प्रस्तुत किया है जो अन्यत्र कहीं देखने को नहीं मिलता है। जो अलीगढ़ पहले दंगे और कर्फ्यू के लिए जाना जाता था वही अब शांति और एक्सपोर्ट के लिए जाना जाता है। श्नो कफ्यू नो दंगा–अलीगढ़ चंगा ही चंगाश। योगी जी की पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की प्रशंसा राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस ने भी की है। योगी जी ने जहां बिना किसी भेदभाव के महारानी अहिल्याबाई होल्कर, बाबूजी कल्याण सिंह, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह, बाबा साहेब आम्बेडकर जी का सम्मान किया वहीं सभी वर्गों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित भी किया है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण के लिए मील का पत्थर साबित हो रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में बताया कि अब इसके लाभार्थियों को 01 लाख रूपये से लाभन्वित किया जाएगा। उन्होंने हाल ही में जिले संपन्न 453 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भर्ती प्रक्रिया को भी पूर्ण पारदर्शिता से किए जाने की बात कही।इस अवसर पर मा0 मंत्री जी द्वारा प्रतीक स्वरूप 22 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र, सीएम युवा उद्यमी योजना के चयनित 10 लाभार्थियों को डेमो चौक, ओडीओपी टूलकिट प्रशिक्षण योजना के तहत 05 लाभार्थियों को टूल किट, 10 प्रतिभाशाली छात्रछात्राओं को टैबलेट, सीआईएफ के तहत 1548 स्वयं सहायता समूहों को 23.22 करोड़, वीआरएफ के तहत 1 करोड़ 51 लाख 50 हजार एवं परिक्रामी निधि (आरएफ) के तहत 121 स्वयं सहायता समूहों को 36 लाख 30 हजार रूपये के चौक, 60 क्षय रोगियों को पोषण पोटली, 07 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, 16 को एमआर किट, 07 को ब्रेल किट एवं 08 को श्रवण यंत्र वितरित किए गए।इससे पूर्व मा0 मंत्री जी द्वारा कल्याण सिंह हैबीटेट सेंटर परिसर में 50 आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास करने के उपरांत विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विभागीय योजनाओं के स्टॉल एवं फूड मार्केट का अवलोकन एवं निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत मा0 मंत्री जी ने सूचना विभाग लखनऊ द्वारा भेजी गई चित्र प्रदर्शनी का मा0 जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के साथ अवलोकन किया और ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में संगीतिका डांस एकेडमी के कलाकारों द्वारा गणेश वंदना, राज्यस्तर पर कला महोत्सव में जिले का नाम रोशन करने वाली कृष्णा एण्ड श्रीराम मेमोरियल वैदिक इंटर कॉलेज (पूर्ववर्ती केएमवी) अतरौली की छात्रा अपर्णा सारस्वत द्वारा दानवीर कर्ण की महागाथा, संस्कृति विभाग से भेजे गए कलाकार अनुज पचौरी एवं उनकी टीम द्वारा केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटक एवं गायक आकाश धनगर ने श्योगी राज में मिलौ है सबकू चौन....यूपी बनौ है नम्बर वनश की मंत्रमुग्ध कर देने वाली प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर मा0 मंत्री ने नवनियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के मध्य बैठक फोटो कराकर उनके इस यादगार क्षण को सदा के लिए स्मृतियों में संजोने का भी कार्य किया।कार्यक्रम में मा0 विधायक कोल श्री अनिल पाराशर, मा0 विधायक इगलास श्री राजकुमार सहयोगी, मा0 विधायक खैर श्री सुरेन्द्र दिलेर, मा0 एमएलसी डा0 मानवेन्द्र प्रताप सिंह एवं प्रो0 तारिक मंसूर, मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती विजय सिंह, मा0 सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी श्री आरपी सिंह, मा0 जिलाध्यक्ष श्री कृष्णपाल सिंह, मा0 महानगर अध्यक्ष इंजी राजीव शर्मा, मा0 जिला उपाध्यक्ष श्री गौरव शर्मा, मा0 महानगर उपाध्यक्ष श्री सुरेश शर्मा, मा0 जिला मंत्री श्री अवध बघेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रामसखी कठेरिया समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं मण्डलायुक्त संगीता सिंह, जिलाधिकारी संजीव रंजन, सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, एडीएम वित्त मीनू राणा, एसपी क्राइम ममता कुरील, पीडी भाल चन्द त्रिपाठी, सीएमओ डा0 नीरज त्यागी, डीपीओ कृष्ण कांत राय, अजित कुमार, सहायक आयुक्त खाद्य दीनानाथ, पीओ डूडा कौशल कुमार, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक अधिकारी डा0 नरेन्द्र कुमार, डीपीआरओ मो0 राशिद समेत सभी विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अधिशासी अभियंता जल निगम ने ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए तहसील व ब्लॉक स्तर पर नामित किए अधिकारी

अलीगढ़ अधिशासी अभियन्ता जल निगम लोकेश शर्मा ने अवगत कराया है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य सुचारू, समयबद्व एवं गुणवत्तापूर्ण ढ़ंग से संपादित कराने के लिए तहसील एवं विकासखण्डवार सहायक अभियंताओं एवं जूनियर इंजीनियरों के मध्य कार्यक्षेत्र आवंटित किए गए हैं।उन्होंने बताया है तहसील अतरौली एवं खैर में कैलाश चन्द्र (7599328431 कोल एवं गभाना में हेमन्त कुमार (8533088166एवं तहसील इगलास में अनिल कुमार (8368343758 को नामित किया गया है। इसी प्रकार विकासखण्ड खैर एवं टप्पल में भरत शर्मा (8791857628 गंगीरी एवं बिजौली में विनीत साहू (8810091255), अतरौली एवं चण्डौस में रोहित साहू (9455264716धनीपुर एवं अकराबाद में अनिल कुमार (8477937061 जवां एवं लोधा में अमन कुमार (9870666546 इगलास एवं गोण्डा में मोहित शुक्ला (8979005182 को नामित किया गया है।उन्होंने सभी सम्मानित नागरिकों से अनुरोध किया है कि किसी भी समस्या के त्वरित समाधान के लिए सम्बन्धित जूनियर इंजीनियर एवं सहायक अभियन्ता से सम्पर्क कर सकते हैं।

### राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत क्वार्सी कृषि फार्म में 26 व 27 मार्च को लगेगा कृषि मेला

अलीगढ़ संयुक्त निदेशक कृषि ने बताया है कि 26 एवं 27 मार्च को प्रातः 09 बजे से राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत क्वार्सी कृषि फार्म में किसान मेला एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मेले में वैज्ञानिकों द्वारा नवीनतम कृषि तकनीकियों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी।

### डीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 27 मार्च को

अलीगढ़ जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में 27 मार्च को सांय 04 बजे से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहुत की जाएगी।अधिशासी अभियंता लोनिवि योगेश कुमार ने उक्त जानकारी देते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वह विभागीय अद्यतन प्रगति सहित नियत समय व स्थान पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

## जिला न्यायाधीश ने 10 अप्रैल महावीर जयंती के स्थानीय अवकाश को निरस्त कर 28 मार्च शुक्रवार का स्थानीय अवकाश किया घोषित

अलीगढ़ जिला न्यायाधीश संजीव कुमार द्वारा 10 अप्रैल 2025 महावीर जयंती के स्थानीय अवकाश को निरस्त करते हुए इसके स्थान पर 28 मार्च 2025 शुक्रवार का स्थानीय अवकाश घोषित किया गया है।






# संपादकीय: उभरता विनिर्माण क्षेत्र



सरकार देश को एक बड़ा विनिर्माण केंद्र बनाने की कोशिश कर रही है। इससे न सिर्फ देश की अर्थव्यवस्था बढ़ेगी, बल्कि भारत दुनिया के कई क्षेत्रों में अगुवा भी बनेगा। भारत अपने बड़े संसाधनों और कुशल कामगारों का इस्तेमाल करके वि. निर्माण का बड़ा केंद्र बन सकता है। रविवार को जारी एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर और वाहन जैसे क्षेत्रों के लिए वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के प्रयास जापान की कंपनियों के लिए यहां निवेश के नए अवसर खोल रहे हैं।भारत विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए बहुआयामी रणनीति अपना रहा है। जैसे सेमीकंडक्टर विनिर्माण और महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों के निष्कर्षण जैसे अग्रणी क्षेत्रों के लिए उद्योग–विशिष्ट प्रोत. साहन और वित्तीय पैकेज प्रदान करना। 2014 से 2024 के बीच भारत ने 667.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आकर्षित किया है। भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा दोपहिया वाहन निर्माता है।युवा और तेजी से समृद्ध होते मध्यम वर्ग द्वारा संचालित भारत का विशाल घरेलू बाजार, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स और वाहन कलपुर्जा से लेकर स्वास्थ्य सेवा और खाद्य प्रसंस्करण तक सभी क्षेत्रों में मजबूत आंतरिक मांग सु. निश्चित करता है। वित्त वर्ष 2021–22 में भारत का वस्त्र और परिधान निर्यात 44. 4 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। फेडरेशन ऑफ इंडियन चौंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सर्वेक्षण के अनुसार भारत के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि की गति जारी है। भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाने के लिए कई पहलें की जा रही हैं।इनमें 'मेक इन इंडिया' पहल, राष्ट्रीय विनिर्माण नीति, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना और हरित विनिर्माण शामिल हैं। मेक इन इंडिया पहल को एक दशक पूरा हो चुका है। मेक इन इंडिया योजना का मकसद भारत को मैन्युफैक्चि. रंग का बड़ा केंद्र बनाना, आयात पर निर्भरता कम करना और रोजगार के अवसर पैदा करना है। यानी भारत का जोर नवाचार और आत्मनिर्भरता को आगे बढ़ाने पर है।नवीकरणीय ऊर्जा, हरित प्रौद्योगिकियों और उन्नत विनिर्माण में महत्वपूर्ण कार्यक्रमों के साथ सुनिश्चित किया जा रहा है कि भारतीय उत्पाद उच्चतम वैश्विक मानकों को पूरा कर सके। उद्योग विशेषज्ञों ने वर्तमान चरण को भारत के औद्योगिक उछाल का स्वर्ण युग करार दिया है। वो दिन दूर नहीं जब भारत औद्योगिक उत्पादन का केंद्र होगा और पूरी दुनिया भारत की तरफ देखेगी।

# कुणाल कामरा के शो पर शिवसैनिकों का गुस्सा, तोड़फोड़ और धमकियां



कुणाल कामरा के शो के बाद शिवसैनिकों की तोड़फोड़ और धमकियों ने कानून–व्यवस्था और हास्य–व्यंग्य की सहनशीलता पर सवाल उठाए हैं। मामले में दोनों पक्षों के खिलाफ थ्प्ट दर्ज की गई है। सबसे निराशाजनक पहलू खार के है. बिटेट कॉमिडी क्लब के बंद होने की घोषणा है, जो कला और संस्कृति की स्वतंत्रता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।स्टैंडअप कमीडियन कुणाल कामरा के शो के बाद जिस तरह से गुस्साए शिवसैनिकों ने आयोजनस्थल में तोड़फोड़ मचाई और उन्हें धमकियां दे रहे हैं, वह न केवल कानून–व्यवस्था के हालात पर प्रतिकूल टिप्पणी है बल्कि हास्य–व्यंग्य को बर्दाश्त करने की राजनीति की क्षमता पर भी सवाल उठाता है। अफसोस की बात है कि देश में ऐसे मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिनमें आहत होती भावनाएं अभिव्यक्ति की आजादी पर भारी पड़ जाती हैं।दोनों पक्षों पर थ्प्ट रू जहां तक मुंबई पुलिस की इस घटना पर प्रतिक्रिया का सवाल है तो यह अच्छी बात है कि उसने दोनों पक्षों की शिकायतों पर ध्यान दिया है। कमीडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है तो तोड़फोड़ करने वालों के खिलाफ भी थ्प्ट दर्ज की गई है। लेकिन यह पहला ही कदम है। आगे उसकी जांच किस तरह से आगे बढ़ती है और दोनों पक्षों के खिलाफ कार्रवाई कैसी दिशा लेती है, यह देखना बाकी है।कॉमिडी क्लब बंद रू इस पूरे प्रकरण का एक निराशाजनक नतीजा मुंबई के खार स्थित हैबिटेट कॉमिडी क्लब बंद किए जाने की घोषणा के रूप में सामने आया। क्लब के मालिकों के मुताबिक, जब भी किसी शो को लेकर विवाद होता है तो उन्हें टारगेट किया जाने लगता है। हालांकि शो के दौरान जो भी परफॉरमेंस होती है, उसके कंटेंट से उनका कोई लेना–देना नहीं होता। बहरहाल, इस तरह के क्लब का बंद होना कला और संस्कृति की उन्नत चेतना के लिए जाने जाने वाले महाराष्ट्र जैसे राज्य की छवि के लिए नुकसानदेह है।कानून करे अपना काम रू मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले में शो के कंटेंट पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि राज्य में कॉमिडी करने की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कई कुछ भी बोले। इसमें दो राय नहीं कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी भी आती है। और हर कोई अपने बोले शब्दों के लिए कानून के आगे जिम्मेदार है। लेकिन क्या यह जिम्मेदारी सुनिश्चित करने के लिए किसी ग्रुप को कानून अपने हाथ में लेने दिया जाएगा?हंसी–मजाक की बात रू खबरों के मुताबिक, इस शो में निशाना महाराष्ट्र के उप–मुख्यमंत्री और शिवसेना के लीडर एकनाथ शिंदे को बनाया गया था। शो में कही गई बातों से सहमत होना कतई जरूरी नहीं है। लेकिन आखिरकार वह एक हंसी–मजाक का शो था और उसे इसी नजर से देखा जाना चाहिए।

# अस्मिता और उन्नयन का कालखंड, दुनिया में पहचाना जा रहा उत्तर प्रदेश



योगी आदित्यनाथ। अटल जी की पंक्ति है, 'अपनी ध्येय–यात्रा में हम कभी रुके नहीं, किसी चुनौती सम्मुख, कभी झुके नहीं...।' इसी ध्येय के साथ बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे, बिना झुके वंचितों को वरीयता देते हुए 25 करोड़ प्रदेश वासियों की सेवा, सुरक्षा और समृद्धि को समर्पित 'कर्तव्य साधना' के आठ वर्ष कब पूर्ण हो गए, आभास ही नहीं हुआ।इन आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने राज्य के प्रति धारणा बदलने में सफलता प्राप्त की है। कभी बीमारू राज्य कहा जाने वाला उत्तर प्रदेश आज व्यवसाय एवं निवेश का सर्वश्रेष्ठ ठिकाना बनकर देश और दुनिया में पहचाना जा रहा है। उत्तर प्रदेश आज 'ग्रोथ गियर' है। हमें विरासत में अराजकता, अव्यवस्था और अपराध के अंधकार में डूबा हुआ प्रदेश मिला था।ऐसे राज्य को सुरक्षित परिवेश, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, सुगम कनेक्टिविटी और उद्यम अनुकूल नीतियों द्वारा निवेशकों का ड्रीम डेस्टिनेशन बनाने में हम लोग सफल रहे। विगत आठ वर्षों में प्रदेश को प्राप्त हुए 45 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव इसकी पुष्टि करते हैं। इनमें से 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को धरातल पर उतारा जा चुका है।इनके माध्यम से 60 लाख से अधिक युवाओं को नौकरी तथा अन्य लाखों लोगों हेतु रोजगार का सृजन हुआ है। स्थापित सत्य है कि सुरक्षा के सुपथ पर ही विकास कुलांचे भरता है और सुगम कनेक्टिविटी उसे तीव्रता प्रदान करती है। 'नया उत्तर प्रदेश' उसका जीवंत उदाहरण है।महान चिंतक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा था कि समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास ही अंत्योदय है। प्रधानमंत्री मोदी के यशस्वी मार्गदर्शन में डबल इंजन सरकार की हर योजना में यह भाव श्वास लेता है। यही कारण है कि बीते आठ वर्षों में प्रदेश सरकार ने छह करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाने में सफलता प्राप्त की है।प्रदेश के 15 करोड़ निर्धनों को प्रतिमाह निःशुल्क अनाज, 1.86 करोड़ से अधिक परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन, 2.86 करोड़ से अधिक किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 5.21 करोड़ लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक का चिकित्सा सुरक्षा कवच, 56.50 लाख से अधिक परिवारों को निःशुल्क आवास जैसे अनेक कल्याणकारी उपहारों ने प्रदेश के करोड़ों नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाया है।'सभी को आवास' के संकल्प की सिद्धि के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के हर उस लाभार्थी को आवासीय पट्टा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया गया है, जिनके पास भूमि नहीं थी। ऐसा करने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है। यही तो है अंत्योदय।आजादी से लेकर 2017 तक प्रदेश में 12 मेडिकल कालेज थे। आज राज्य में 44 राजकीय मेडिकल कालेज और 36 निजी मेडिकल कालेजों सहित 80 मेडिकल कालेज संचालित हैं। गोरखपुर और रायबरेली में एम्स का संच. ालन आरंभ हो गया है। 'एक जनपद–एक मेडिकल कालेज' की संकल्पना उत्तर प्रदेश में साकार हो रही है।खुशहाल किसान हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रदेश में 122 चीनी मिलें क्रियाशील हैं। मार्च, 2017 से अब तक तीन नई चीनी मिलों की स्थापना हुई है। छह चीनी मिलों का पुनर्संचालन तथा 38 चीनी मिलों का क्षमता विस्तार हुआ है, जिससे लगभग 1.25 लाख लोगों को प्रत्यक्षध्अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है। आठ वर्षों में 46.50 लाख गन्ना किसानों को 2,80,223 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है।मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, पी. एम.स्वनिधि योजना जैसी अनेक कल्याणकारी योजनाएं मातृशक्ति के जीवन में सकारात्मकता का सवेरा लेकर आई हैं।

ग्रामीण क्षेत्र की 95 लाख से अधिक महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन से जोड़ने के साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को 2,510 उचित मूल्य की दुकानों का आवंटन, ग्रामीण आवासीय अभिलेख (घरौनी) घर की महिला के नाम आदि जैसी रचनात्मक पहल नारी शक्ति के जीवन में सम्मान और आर्थिक प्रगति का प्रतीक हैं।प्रदेश में 96 लाख से अधिक एमएसएमई इकाइयों ने युवाओं को जॉब सीकर से जॉब क्रिएटर बनाने का युगांत. रकारी कार्य किया है। वर्ष 2016 में प्रदेश की बेरोजगारी दर 18 प्रतिशत थी जो अब तीन प्रतिशत है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी प्रक्रिया के जरिये विभिन्न आयोगों एवं भर्ती बोर्ड द्वारा साढ़े आठ लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली।इनमें से 1.38 लाख से अधिक महिलाएं हैं। परीक्षाओं के शुचितापूर्ण आयोजन के लिए उ.प्र. सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) कानून लागू किया गया है, जिससे छात्रों के मन में व्यवस्था के प्रति विश्वास जागा है। आठ वर्ष हमारी आस्था, अस्मिता, आर्थिकी और सांस्कृतिक चेतना के उन्नयन का ऐतिहासिक कालखंड है।इसी दौरान हम सभी ने शताब्दियों की प्रतीक्षा, पीढ़ियों के संघर्ष के बाद सकल आस्था के केंद्र, भारत के प्राण प्रभु श्री रामलला को उनके पावन मंदिर में पुनः विराजमान होते हुए देखा। हम भव्य–दिव्य काशी विश्वनाथ कारिडोर के निर्माण के साक्षी हैं। महाकुंभ का भव्य दिव्य आयोजन, श्री अयोध्या धाम का विकास, काशी का कायाकल्प और मथुरा–वृंदावन का सुंद. रीकरण, 'दीपोत्सव', 'रंगोत्सव' का आयोजन विगत आठ वर्षों के प्रयासों का सुफल हैं।बीते आठ वर्षों में एक भी नया टैक्स नहीं लगाया गया। प्रदेश में डीजल–पेट्रोल दरें देश में सबसे कम हैं। इसके बाद भी उत्तर प्रदेश राजस्व सरप्लस स्टेट के रूप में समृद्धि के नए सोपान चढ़ रहा है। इस सफलता के पीछे रामराज्य की अवधारणा ही है।प्रदेश की विकास यात्रा में मेरे साथ हर नागरिक सहभागी है। मेरे लिए किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के अग्रदूत हैं। हमारा लक्ष्य 'विकसित उत्तर प्रदेश' है। प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था ही नहीं बनाना है, बल्कि 25 करोड़ प्रदेश वासियों के सपनों को भी साकार करना है।

# टीबी के मरीज के बोलने, खांसने या छींकने के दौरान मुंह या नाक से निकले ड्रॉपलेट्स से स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है.

क्षय रोगरू विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी यह रिपोर्ट बहुत चौंकाने वाली है, जिसमें कहा गया है कि टीबी ने 2023 में दुनिया की सबसे संक्रामक बीमारी का दर्जा फिर हासिल कर लिया है. वर्ष 2023 में टीबी से दुनिया में 12.5 लाख लोगों की मौत हुई. उस साल भारत में टीबी से हुई मौत का आंकड़ा 3.20 लाख था. रिपोर्ट बताती है कि 2023 में टीबी की रोकथाम और देखभाल में वैश्विक वित्तपोषण में कमी आयीअमेरिका द्वारा वित्तीय मदद घटाने तथा दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध, संघर्ष और उथल–पुथल का नतीजा गरीब देश टीबी के बढ़ते बोझ के रूप में भुगत रहे हैं. टीबी आमतौर पर फेफड़ों को प्रभावित करती है, पर यह शरीर के अन्य हिस्सों को भी प्रभावित कर सकती है. टीबी के मरीज के बोलने, खांसने या छींकने के दौरान मुंह या नाक से निकले ड्रॉपलेट्स से स्वस्थ व्यक्ति भी संक्रमित हो सकता है. पौष्टिक आहार की कमी, एचआइवी संक्रमण, धूम्रपान, शराब का सेवन, डायबिटीज और कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र टीबी के कारण हैं. लेकिन उचित देखभाल और समय पर इलाज से टीबी के खिलाफ लड़ाई जीती जा सकती है.जहां तक भारत की बात है, तो यह दुनिया में सबसे अधिक टीबी प्रभावित देशों में से एक है और दुनिया के कुल टीबी मामलों का 26 प्रतिशत भारत में है. वर्ष 2020 में भारत में टीबी के लगभग 18 लाख मरीज थे, जो 2024 में बढ़कर करीब 24 लाख हो गये. डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, भारत में हर तीन मिनट में दो लोगों की मौत टीबी से होती है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले 2025 तक भारत को क्षय रोग मुक्त करने का लक्ष्य रखा है. केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीइपी) के तहत मुफ्त जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी है.टीबी मरीजों की मासिक पोषण सहायता भी बढ़ायी गयी है. डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल टीबी रिपोर्ट, 2024 के मुताबिक, 2015 से 2023 के बीच भारत में टीबी के मामलों में 17.7 फीसदी की गिरावट देखी गयी, जो वैश्विक औसत 8.3 की तुलना में दोगुने से भी अधिक है. क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में गुजरात आगे चल रहा है, जबकि मेघालय सरकार ने राज्य के कुल 4,500 क्षयरोगियों को गोद लिया है. अच्छी बात यह है कि क्षय रोग के उन्मूलन अभियान में सरकार के साथ कॉरपोरेट और समाज के दूसरे समूहों की भी भागीदारी दिख रही है.

हीट वेव यानी गर्म हवा चलने की बढ़ती अवधि और स्वास्थ्य तथा जीवन पर पड़ रहे इसके भीषण असर को देखते हुए संसद की एक स्थायी समिति ने सुझाव दिया है कि केंद्र सरकार अपनी आपदा प्रबंधन योजनाओं में लू जैसी नयी और उभरती आपदाओं को शामिल करे. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, 2013 से 10 साल की अवधि में भारत में अत्यधिक गर्मी और लू के कारण 10,635 लोगों की जान गयी. पिछले साल भारत में असाधारण रूप से भीषण गर्मी पड़ी थी और 36 दिन लू वाले दर्ज किये गये, जो 14 साल में सबसे अधिक थे.इस साल भी 25 फरवरी को गोवा और महाराष्ट्र में साल की पहली हीटवेव दर्ज की गयी, सर्दी के मौसम में गर्म हवा चलने का देश में यह पहला और चौंकाने वाला उदाहरण था. स्वतंत्र शोध संस्था 'सस्टेनेबल फ्यूचर कोलेबरेटिव' की एक रिपोर्ट में भी यह कहा गया है कि भारत की 11 फीसदी आबादी उन शहरों में रहती है, जहां हीटवेव का खतरा सबसे अधिक है और इन हलाकों में आने वाले समय में स्वास्थ्य आपातकाल जैसे हालात बन सकते हैं.गौरतलब है कि इस समय आपदाओं की अधिसूचित सूची में चक्रवात, सूखा, भूकंप, आग, बाढ़, सुनामी, ओलावृष्टि, भूस्खलन, बादल फटना, कीटों के हमले, पाला और शीतलहर शामिल हैं. पर्यावरण संगठन 'ग्रीनपीस इंडिया' के मुताबिक, लू को अधिसूचित आपदाओं को सूची में शामिल करने की सिफारिश इसकी बढ़ती गंभीरता को ही उजागर करती है. संगठन का यह भी कहना था कि इस कदम को वास्तव में प्रभावी बनाने के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि वित्तीय पहलुओं और कार्यान्वय में कोई कमी न हो. केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने हाल ही में लोकसभा को बताया कि 15वें वित्त आयोग ने लू को शामिल करने के लिए अधिसूचित आपदाओं की सूची का विस्तार करने के राज्यों के अनुरोध पर विचार किया था.गृह मामलों की स्थायी संसदीय समिति ने राज्यसभा में पेश की गयी रिपोर्ट में आपदाओं की आधिकारिक सूची की नियमित समीक्षा करने और इसे अपडेट करने के लिए एक प्रणाली स्थापित करने की भी सिफारिश की. उसने मंत्रालय से जलवायु परिवर्तन और आपदाओं को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक तैयारियों के लिए योजना बनाने का आग्रह किया और क्षति कम करने और पुनर्निर्माण में तेजी लाने के लिए अस्पतालों, स्कूलों और परिवहन प्रणालियों समेत आपदा–रोधी बुनियादी ढांचे में अधिक निवेश की सिफारिश भी की. जाहिर है, बढ़ता तापमान लोगों के साथ–साथ सरकार के सजग होने का भी अवसर है.